# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय : गच्ची बाउली, हैदराबाद**

बी डी एल / 104/सं.वि.-सीसी/प्रे.वि./04 दि. 3.2.2021

## प्रेस विज्ञप्ति

## एयरो इंडिया-2021 में वायु सेना प्रमुख ने किया बी डी एल स्टॉल का उद्घाटन

आज बेंगलूरु में आरंभ हुए एयरो इंडिया-2021 में बी डी एल स्टॉल का उद्घाटन वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह बधौरिया, पविसेमे, अविसेमे, विमे, एडीसी द्वारा किया गया। बी डी एल के सी एम डी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) ने वायु सेना प्रमुख का स्वागत करते हुए बी डी एल स्टॉल में प्रदर्शित उत्पादों की जानकारी दी।

भारत डायनामिक्स लिमिटेड एयरो इंडिया-2021 में अब तक के सबसे अधिक उत्पादों की प्रदर्शनी लगी रही है। इस उत्पाद समूह में उत्कृष्ट टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र, लॉचर, ज़मीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, हवा से ज़मीन में मार करने वाली मिसाइलें, अंतर्जलास्त्र और प्रतिमारक अवसर्जन प्रणालियाँ शामिल हैं।

एयरो इंडिया-2021 के दौरान बी डी एल अपने दो नये अंतर्जलास्त्र *'गरुडास्त्र'* और *'दिशानी'* का भी उद्घाटन करने जा रहा है।

बी डी एल, स्टार्ट-अप सहित विभिन्न देशी और विदेशी कंपिनयों के साथ एम ओ यू करने जा रहा है।

कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र(से.नि.), सी एम डी, बी डी एल ने कहा कि बी डी एल अपनी वैश्विक पहुँच के अंतर्गत विदेशी कंपनियों के साथ सहभागिता स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। बी डी एल देशी कंपनियों के साथ सहभागिता स्थापित करने के साथ-साथ स्टार्ट-अप कंपनियों को अपने नवोन्मेषी कार्यक्रमों में भागीदार बनने के लिये भी प्रोत्साहन देता आ रहा है। इससे नवीन टेक्नॉलॉजी का उपयोग कर सशस्त्र सेनाओं के लिये नये-नये उत्पाद विकसित कर विनिर्माण के क्षेत्र में इनके नवोन्मेषी विचारों को बी डी एल की क्षमताओं, इंफ्रास्ट्रक्चर और गहन व उत्कष्ट अनुभव का सहयोग मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा कि इस एयरो इंडिया के माध्यम से हमें अपनी उत्कृष्ट अस्त्र-प्रणालियों को प्रदर्शित करने और अपने ग्राहक, ओ ई एम तथा अन्य स्टेकधारकों से मिलने का और अपनी भागीदारी और सशक्त बनाने का अवसर मिलता है।




वायु सेना प्रमुख एयर चीफ़ मार्शल राकेश कुमार बधौरिया, पविसेमे, अविसेमे, विमे, एडीसी को एयरो इंडिया-2021 के दौरान प्रदर्शित किये जा रहे बी डी एल के उत्पादों की जानकारी देते हुए कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), सी एम डी, बी डी एल।